# मुख्यमंत्री ने किया 'झुमका आईलैंड' का लोकार्पण

## चर्चा में क्यों?

3 जुलाई, 2022 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया ज़िले के झुमका जलाशय के मध्य नवनिर्मित 'झुमका आईलैंड' का लोकार्पण किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोरिया टूरिज़्म की वेबसाइट और 'आई लव कोरिया' सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन भी किया।
- गौरतलब है कि झुमका जलाशय कोरिया ज़िले के बैकुंठपुर शहर में स्थित है।
- झुमका जलाशय में चारों तरफ पानी से घिरे सुरम्य आईलैंड पहले उजाड़ हालत में था। इसे डेढ़ महीने की मेहनत से आकर्षक रूप दिया गया है और इसे कोरिया ज़िले का एक नया टूरिज़्म डेस्टिनेशन बनाया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-jhumka-island-